सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

29 नवम्बर, 2021

सप्तदश विधान सभा — सोमवार, तिथि 29 नवम्बर, 2021 ई0

चतुर्थ सत्र — 08 अग्रहायण, 1943 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय - 11:00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है । माननीय सदस्यगण, सदन की सहमति से अब राष्ट्रगान होगा कृपया अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायं ।

(राष्ट्रगान बजाया गया)

प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ । वर्तमान सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण के व्यवस्थापन के लिए एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए दो दिन एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है ।

माननीय सदस्यगण, लोकतंत्र की इस पावन धरती पर संवैधानिक शासन स्थापित करने की इच्छा इतनी तीव्र थी कि स्वतंत्रता प्राप्त करने के तीन वर्षों के अंदर ही यहां संविधान का निर्माण कर लिया गया । सर्वोच्चता तो संविधान को ही मिली परंतु आम आदमी के मौलिक अधिकारों को सबसे प्रमुख स्थान मिला । कालक्रम में यह महसूस किया गया कि इस देश में मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों की उतनी ही महत्ता है । अब जैसे-जैसे इस देश में लोकतंत्र मजबूत हो रहा है, वैसे-वैसे ही यहां लोगों में मौलिक कर्त्तव्यों के साथ-साथ समाज में नैतिक कर्त्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता है । इस कार्य में हम सब जनप्रतिनिधियों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाती है ।

यह सुखद संयोग ही है कि देश एक ओर अपनी आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो दूसरी ओर हम इस बिहार विधान सभा के इस ऐतिहासिक भवन का शताब्दी वर्ष समारोह भी मना रहे हैं । शताब्दी वर्ष समारोह में 21 अक्टूबर, 2021 को माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद जी ने आकर और अपने सम्भाषण से बिहार विधायिका को जो मार्गदर्शन किया है, वह आने वाले कई वर्षों तक हमारे लिए नजीर बना रहेगा । उनके कर-कमलों द्वारा विधान सभा परिसर में बोधगया से लाये गये पवित्र बोधिवृक्ष के शिशु

पौधे का रोपण किया गया है, जिससे यह परिसर सकारात्मक और पवित्र ऊर्जा से भरपूर रहेगा । उनके द्वारा शताब्दी स्मृति स्तंभ का शिलान्यास किया गया है जो हमारी राजनीतिक विरासत से नई पीढ़ी को हमेशा अवगत करायेगी ।

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा शुभारम्भ किये गये नैतिक एवं सामाजिक संकल्प अभियान से संबंधित विषय का उल्लेख शिमला में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन पदाधिकारियों के शताब्दी वर्ष समारोह तथा इसके 82वें सम्मेलन के दौरान मेरे भाषण में किया गया, जिसकी सराहना सभी पीठासीन पदाधिकारियों द्वारा की गयी और इसके लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी संकल्प लिया गया ।

हम पूरे सदन की ओर से माननीय राष्ट्रपति जी का इसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हैं साथ ही इस समारोह के सफल आयोजन के लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री सहित बिहार सरकार एवं बिहार के सभी माननीय सदस्यों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं ।

सौ वर्षों के इस ऐतिहासिक सफर में बिहार विधान सभा ने जनसमस्याओं के निवारण और जन-जीवन को सुखी बनाने के लिए अद्‌भुत प्रयास किये हैं । उस प्रयास की कड़ी को पूरी सजगता, संवेदनशीलता और निष्ठा से हमें आगे बढ़ाना है ।

यह सत्र छोटा होते हुए भी बहुत महत्वपूर्ण है । इसमें आप सबों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है क्योंकि प्रदेश की समस्याओं के निवारण के लिए सदन में सार्थक विमर्श होना जरूरी है और यह विमर्श आपकी अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सदन की मर्यादा और परंपरा के अनुकूल आपकी उपस्थिति से ही सफल हो पायेगा ।

यह सदन बिहार की करोड़ों जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिम्ब है और जनता ने बड़ी सजगता से भरोसा कर सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों को बिहार के हित में सदन में रचनात्मक भूमिका निभाने का दायित्व दिया है । उनकी पैनी निगाहें हमारी निगाहबानी कर रही हैं । हमें उनकी आशा और आकांक्षाओं के अनुरूप उनके जीवन में खुशियां लाने के लिए अपने दायित्वों को पूरी सकारात्मकता से निभाना है ।

मुझे विश्वास है कि सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा ।

## अध्यासी सदस्यों का मनोनयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मनोनयन से संबंधित सुन लीजिये । माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूँ:-

1. श्री प्रेम कुमार, स0वि0स0
2. श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स0वि0स0
3. श्री अवध विहारी चौधरी, स0वि0स0
4. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0
5. श्री मो0 आफाक आलम, स0वि0स0

## समितियों का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-219(1) के अधीन सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्थ सत्र के लिए कार्य-मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूँ:-

### कार्य-मंत्रणा समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | - | सभापति |
| 2. श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 3. श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्य |
| 4. श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री | - | सदस्या |
| 5. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | - | सदस्य |
| 6. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | - | सदस्य |
| 7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल | - | सदस्य |
| 8. श्री अजीत शर्मा, स0वि0स0 | - | सदस्य |

### विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री महबूब आलम, स0वि0स0
2. श्री अखतरूल ईमान, स0वि0स0
3. श्री अनिल कुमार, स0वि0स0
4. श्री राम रतन सिंह, स0वि0स0
5. श्रीमती स्वर्णा सिंह, स0वि0स0
6. श्री अजय कुमार, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

## औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग ।

श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं भारतीय संविधान के अनुच्छेद-213 के खंड (2)(क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार तकनीकी सेवा आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2021 की एक प्रति सभा मेज पर रखता हूँ ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : महोदय, सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित निम्न 08 (आठ) विधेयकों का विवरण सदन पटल पर रखता हूँ जिस पर महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद-200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी है :-

### महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 2. | बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 3. | बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 4. | बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 5. | आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 6. | बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 7. | बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |
| 8. | बिहार खेल विश्वविद्यालय विधेयक, 2021 | 06.08.2021 |

## वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद-205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या-2) अधिनियम, 2021 एवं बिहार विनियोग (संख्या-3) अधिनियम, 2021 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावे वर्ष 2021-22 में जो

खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

अध्यक्ष : शोक प्रस्ताव ।

श्री संजय सरावगी : अध्यक्ष महोदय, आपने संबोधन में भी कहा और पूरा देश और हम आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहे हैं । इन 75 सालों में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमलोगों ने अपने अधिकारों की तो चर्चा की है आम जनता में और माननीय प्रधानमंत्री जी ने भी कहा है कि अगले 25 साल आम जनता को अपने कर्त्तव्यों का बोध भी दिलाना चाहिए, अपने कर्त्तव्यों का भी हम पालन करें । इसके लिए जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है । अध्यक्ष महोदय, इसके लिए मैंने नियम-43 के तहत विधान सभा में चर्चा कराने के लिए एक प्रस्ताव दिया है मैं आपसे आग्रह करूंगा .....

अध्यक्ष : ठीक है ।

श्री संजय सरावगी : कि इस पर सदन में चर्चा करायी जाय कि आगे 25 साल हम कर्त्तव्यों का बोध कर सकें ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक 03:30 बजे अपराह्न में मेरे कार्यालय कक्ष में होगी । समिति के सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि इस बैठक में भाग लेने की कृपा करेंगे ।

आप बोलिये ।

श्री महबूब आलम: महोदय, आजादी 2014 के बाद मिली है, ऐसी भी बात करने वाले लोग हैं, आजादी का अपमान कर रहे हैं....

अध्यक्ष: माननीय सदस्य, कार्य मंत्रणा समिति में बैठेंगे, चर्चा कर लेंगे ।

टर्न-2/अभिनीत/29.11.2021

<u>शोक प्रकाश</u>

अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :-

श्री महबूब आलम: अध्यक्ष महोदय.....

(व्यवधान)

अध्यक्ष: बैठ जाइये । अब बैठ जाइये । महबूब जी, माननीय सदस्य का शोक प्रस्ताव सुनिए।

स्वर्गीय मुसाफिर पासवान

बिहार विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री मुसाफिर पासवान का निधन दिनांक 25 नवम्बर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 66 वर्ष की थी ।

श्री महबूब आलम: अध्यक्ष महोदय...

(व्यवधान)

अध्यक्ष: महबूब जी, शोक प्रस्ताव पर बैठ जाइये । माननीय सदस्य का मामला है, सभी माननीय सदस्य बैठ जाइये ।

स्वर्गीय पासवान मुजफ्फरपुर जिला के बोचहां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2009 के उप-निर्वाचन में तथा वर्ष 2020 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सदानन्द सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री सदानन्द सिंह का निधन दिनांक 08 सितम्बर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 78 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह भागलपुर जिला के कहलगाँव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1969, 1972, 1977, 1980, 1985, 2000, मार्च, 2005, 2010 एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे वर्ष 2000 से 2005 तक बिहार विधान सभा के अध्यक्ष भी रहे थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं कुशल राजनेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय मिथलेश कुमार सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री मिथलेश कुमार सिंह का निधन दिनांक 03 अगस्त, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह सारण जिला के छपरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1977 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में

मंत्री भी रहे थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय जनार्दन शर्मा

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री जनार्दन शर्मा का निधन दिनांक 12 अगस्त, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 59 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय शर्मा पटना जिला के पालीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1996 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मृदुभाषी, मिलनसार एवं सामाजिक व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय बलराम सिंह यादव

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री बलराम सिंह यादव का निधन दिनांक 08 सितम्बर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 70 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव वर्ष 2003 से 2009 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे गरीब, मजदूर एवं किसानों के विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील रहा करते थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय डॉ0 खालिद रशीद सबा

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य डॉ0 खालिद रशीद सबा का निधन दिनांक 27 सितम्बर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 83 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सबा वर्ष 1980 से 1992 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे बिहार सरकार में राज्यमंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार, मृदुभाषी एवं कुशल राजनेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय हिन्द केशरी यादव

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री हिन्द केशरी यादव का निधन दिनांक 08 अक्टूबर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 76 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय यादव मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985, 1990, 1995 एवं मार्च, 2005 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय गौरी शंकर नागदंश

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री गौरी शंकर नागदंश का निधन दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 72 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय नागदंश सीतामढ़ी जिला के मेजरगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1990 एवं 2000 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे एक प्रसिद्ध कवि एवं कुशल राजनेता थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय रामजी प्रसाद शर्मा

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री रामजी प्रसाद शर्मा का निधन दिनांक 30 अक्टूबर, 2021 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 69 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय शर्मा वर्ष 1996 से 2002 तक बिहार विधान परिषद् के सदस्य रहे थे । वे एक लोकप्रिय नेता एवं अधिवक्ता भी थे । हम उनके निधन से दु:खी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्ष: अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

अध्यक्षः मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेजवा दूँगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक 30 नवम्बर, 2021 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।